**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 70**

**उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022**

**शिक्षा पर व्यय**

**†70. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2013-2014 से वर्ष 2021-22 तक शिक्षा पर कुल बजटीय व्यय और कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में सरकारी व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के लिए उच्च शिक्षा पर कुल बजटीय व्यय के प्रतिशत और कुल सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सरकारी व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2022 तक केंद्र द्वारा 1,00,000 करोड़ रूपए की राशि जुटाए जाने के लक्ष्य के लिए उच्च शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी (एचईएफए) के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक कितनी धनराशि जुटाई गई है;

(घ) क्या वर्ष 2018 से 2021 तक एचईएफए के लिए बजट आवंटन में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ.) वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में राज्य सरकारों को मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति के अंतर्गत संवितरित की गयी निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या वर्ष 2022 में मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन की निधि में 99 प्रतिशत कमी की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क): शिक्षा पर बजट व्यय के विश्लेषण में अद्यतन उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2013-14 से 2019-20 तक कुल बजट संबंधी व्यय के प्रतिशत के रूप में और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में शिक्षा पर वर्ष-वार कुल सरकारी व्यय निम्नानुसार है:

**शिक्षा पर सरकारी व्यय (% में)**

| वर्ष | **2013-14** (वास्तविक) | **2014-15** (वास्तविक) | **2015-16** (वास्तविक) | **2016-17** (वास्तविक) | **2017-18** (वास्तविक) | **2018-19** (आरई) | **2019-20** (बीई) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बजटीय व्यय के % के रूप में व्यय | 15.46 | 16.14 | 16.91 | 16.07 | 14.75 | 14.89 | 16.07 |
| सकल घरेलू उत्पाद के % के रूप में व्यय | 3.84 | 4.07 | 4.20 | 4.24 | 3.87 | 4.17 | 4.39 |

(ख): वर्ष 2013-14 से 2019-20 तक, कुल बजट संबंधी व्यय के प्रतिशत के रूप में और कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में, उच्च शिक्षा पर कुल सरकारी व्यय, वर्ष-वार निम्नानुसार है:

**उच्चतर शिक्षा पर सरकारी व्यय (% में)**

| वर्ष | **2013-14** (वास्तविक) | **2014-15** (वास्तविक) | **2015-16** (वास्तविक) | **2016-17** (वास्तविक) | **2017-18** (वास्तविक) | **2018-19** (आरई) | **2019-20** (बीई) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बजटीय व्यय के % के रूप में व्यय | 5.05 | 5.01 | 4.96 | 5.44 | 4.73 | 4.48 | 5.37 |
| सकल घरेलू उत्पाद के % के रूप में व्यय | 1.25 | 1.27 | 1.23 | 1.44 | 1.24 | 1.25 | 1.47 |

(ग) और (घ): व्यय विभाग द्वारा वर्ष 2020 में हेफा का निष्पादन मूल्यांकन किया गया था और वित्तीयन विंडो को युक्तिसंगत रूप में तैयार किया गया। मौजूदा तिथि तक, सरकार और केनरा बैंक (जोकि को-प्रोमोटर हैं) का इक्विटि योगदान 5,293.75 करोड़ रु. है। इसके अतिरिक्त, हेफा ने बैंक ऋण के माध्यम से 2300.00 करोड़ रु. तक निधियां जुटाई किया हैं। मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए यह निधि पर्याप्त है और बजट संबंधी आवंटन में कोई कमी नहीं है।

(ड.): कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना के तहत राज्य सरकारों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में राज्य-वार, वितरित की गयी राशि का विवरण https://www.education.gov.in/en/parl_ques पर उपलब्ध है।

(च): जी हाँ, जैसा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सूचित किया है कि उन्होंने आगे भी सूचित किया है कि वे मौलाना आज़ाद शिक्षा फ़ाउंडेशन की चल रही विभिन्न सामाजिक-आर्थिक, शैक्षिक सशक्तिकरण योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

*****

अनुलग्नक-I

**शिक्षा पर व्यय के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा दिनांक 18.07.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 70 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना के तहत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वर्ष-वार, राज्य-वार** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2019-20 (नए + नवीकरण)** | | **2020-21 (नए + नवीकरण)** | | **2021-22 (नए + नवीकरण)** | |
| **क्र.सं.** | **राज्य बोर्ड** | **छात्रवृतिओं की संख्या** | **राशि (रू.में)** | **छात्रवृतिओं की संख्या** | **राशि (रू.में)** | **छात्रवृतिओं की संख्या** | **राशि (रू.में)** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 12616 | 142330000 | 6278 | 70900000 | 5600 | 64990000 |
| 2 | असम | 385 | 4380000 | 222 | 2420000 | 191 | 2120000 |
| 3 | बिहार | 2741 | 27660000 | 13427 | 134400000 | 14339 | 143400000 |
| 4 | सीबीएसई | 9518 | 110470000 | 9771 | 107350000 | 10704 | 121800000 |
| 5 | छत्तीसगढ | 3302 | 36080000 | 2551 | 28640000 | 4150 | 47540000 |
| 6 | सीआईएससीई | 107 | 1170000 | 94 | 1050000 | 118 | 1270000 |
| 7 | गोवा | 75 | 1090000 | 46 | 570000 | 50 | 540000 |
| 8 | गुजरात | 9038 | 93760000 | 8647 | 89220000 | 7743 | 85700000 |
| 9 | हरियाणा | 6900 | 74160000 | 9367 | 95770000 | 7578 | 80340000 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 630 | 7170000 | 598 | 5990000 | 994 | 10010000 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 808 | 9450000 | 430 | 4690000 | 645 | 6720000 |
| 12 | झारखंड | 0 | 0 | 21 | 210000 | 2 | 20000 |
| 13 | कर्नाटक | 14132 | 156840000 | 9783 | 106430000 | 11894 | 133060000 |
| 14 | केरल | 8854 | 102170000 | 7830 | 84290000 | 9711 | 104830000 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 11798 | 128760000 | 12631 | 135800000 | 17066 | 189170000 |
| 16 | महाराष्ट्र | 13789 | 150450000 | 13710 | 149580000 | 16694 | 188880000 |
| 17 | मणिपुर | 369 | 3740000 | 316 | 3330000 | 280 | 3180000 |
| 18 | मेघालय | 123 | 1230000 | 69 | 690000 | 56 | 580000 |
| 19 | मिजोरम | 3 | 30000 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | नगालैंड | 14 | 140000 | 128 | 1290000 | 22 | 240000 |
| 21 | उड़ीसा | 5664 | 57760000 | 7426 | 77360000 | 7285 | 77230000 |
| 22 | पुदुचेरी | 109 | 1180000 | 210 | 2350000 | 171 | 2050000 |
| 23 | पंजाब | 2553 | 26770000 | 2948 | 30450000 | 2380 | 25380000 |
| 24 | राजस्थान | 5460 | 58490000 | 6121 | 61760000 | 9851 | 100180000 |
| 25 | तमिलनाडु | 7576 | 82170000 | 7766 | 85710000 | 12186 | 128630000 |
| 26 | तेलंगाना | 11204 | 120320000 | 9530 | 102400000 | 11271 | 127290000 |
| 27 | त्रिपुरा | 649 | 6850000 | 453 | 4730000 | 22 | 270000 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 7263 | 74760000 | 11223 | 114590000 | 12765 | 132040000 |
| 29 | उत्तराखंड | 1221 | 12730000 | 1211 | 13740000 | 1360 | 14670000 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 11626 | 124160000 | 12200 | 130280000 | 12487 | 130170000 |
| **कुल:** | | **148527** | **161,62,70,000/-** | **155007** | **164,59,90,000/-** | **177615** | **192,23,00,000/-** |

*****